*The House reassembled after lunch at one minute past two of the clock,*
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

## SHORT DURATION DISCUSSION

### Situation arising out of price rise in the country

SHRI DEREK O' BRIEN (West Bengal): Sir, let me begin by thanking you for giving me this opportunity to initiate this discussion, and also to thank my colleagues from across the parties, who have all jointly signed this notice for Short Duration Discussion which we actually did even two weeks before the Monsoon Session has begun. It is good to have the Minister here who himself is the son of the soil, mitti *ke log*. I am sure he will take some action to correct this, in the spirit, the Minister is here. He is a man from the grass-roots and a son of the soil. I also thought at the end of this discussion, in these two-and-a-half hours we have, there should be some measurable benchmark to find out whether one month or two months or even three months down the line, this discussion has become fruitful, or, it is just another Short Duration Discussion in Rajya Sabha where there is no action taken.

Sir, one way of setting the platform for this discussion is to throw some numbers at the Government about retail inflation, food inflation, vegetable prices, pulses, etc. But I thought, Sir, I would restrain myself from doing that. I think, all my colleagues would speak after this. The less we focus on the numbers because the numbers are well-known. The retail inflation is at 21-month high. The food inflation is up by 7.5 per cent. The vegetable prices are up. The prices of pulses are up by 30, 40 and 50 per cent. The prices of egs, meat and fish are up. The only silver lining here is that if we look at it closely, all the prices are up, it is even worst today to be a vegetarian in India, than a non-vegetarian because comparatively meat and fish are more in control. I hope the Minister has all these figures. So, I am not going to waste much time to set up this discussion giving the figures. Sir, what did we do to make this meaningful and practical discussion on price rise? Some of my colleagues from Mamata didi's Trinamool Congress are practical, and because we are practical we have our feet on the ground. That is why, Sir, you won't be surprised at the great verdict which we got in West Bengal. ...(*Interruptions*)... Sir, after the other meeting is finished with the Minister, then, I will continue, because there is an important meeting going on here.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please continue. Mr. Jairam Ramesh, please go back to your place.

SHRI DEREK O' BRIEN: Thank you, Sir. So, Mamata Didi led us to the famous victory two months ago, and one of the reasons is the feet is on the ground.

[Shri Derek O' Brien]

Today, Sir, through you, I want to share with the Minister some data, not from the Research Library here, or, from my Research Team in Kolkota of the Trinamool Congress, but I have here with me last week's prices of dal, tomato, potato and other items collected from 30 markets across the country. Sir, I would take just one minute to read this out, because this is more important than the other data. These are some of those thirty markets; Pratibha Market, Surajpur, Noida; this is a local market; Manendra Market from Allahabad; the local market in Rudrapur; Danteshwari Market in Chhattisgarh; Shastri Market from Raipur; Khanna Market in Gobindgarh; Hall Gate Market from Punjab. Then, you have markets from Indore, Bhopal, Jammu, Kalimpong, Kolkata, Agra, Patna, Rampur, Gaya, and this list goes on and on. This list is of 30 markets. Sir, with your permission, I want to table it here after my speech. When we come back to discuss it, rather than looking at any other figures, we look at these 30-40 markets. I don't want to mention the specific names of any States because, then, if I say something about Tamil Nadu, saying that prices are up, my friends here would get upset. ...(*Interruptions*)... I am not saying. ...(*Interruptions*)... I am not saying. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He did not say anything.. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, I did not say anything. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He did not say anything. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, I did not say anything. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Navaneethakrishnan, he did not say anything. Sit down. …(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, this is a serious... ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He did not say anything against Tamil Nadu. Sit down. ...(*Interruptions*)...

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN (Tamil Nadu): Sir, I will sit down, but ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Sit down. He did not say anything. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: I have not said anything against Tamil Nadu. ...(*Interruptions*)... Sir, there is an application here.

SHRI JAIRAM RAMESH (Karnataka): Sir, Mr. Derek O'Brien is using unparliamentary language. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: What is unparliamentary here?

SHRI JAIRAM RAMESH: Tamil Nadu. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, there is a word here. ...(*Interruptions*).. I am saying it again, I did not… ...(*Interruptions*)... I said, I am not mentioning the name of any State. You want me to delete the name of Tamil Nadu from the record. ...(*Interruptions*)...

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: No, no. ...(*Interruptions*)...

SHRI JAIRAM RAMESH: No, no. I am not asking you. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. ...(*Interruptions*)... Now, please proceed. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: The point I am making, Sir, is, I am not mentioning the name of any State. There are 35 markets. The bigger point, the more serious point is, let us make this the benchmark for this discussion. So, I would lay this paper on the Table of the House after I finish.

SHRI JAIRAM RAMESH: What is it in Tamil Nadu?

SHRI DEREK O' BRIEN: Now, I am not mentioning any State. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He is trying to provoke you. ...(*Interruptions*)...

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: If any document, which he has produced, affects me, a copy of that must be given to me. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Navaneethakrishnan, sit down. ...(*Interruptions*)... Mr. Navaneethakrishnan, don't worry. Sit down. He really didn't say anything about Tamil Nadu. Listen. It is a very important State in the country.

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: He is defaming us. That is what the problem is. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir…

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Please proceed. We have shortage of time. You don't look at them. Please proceed, Mr. Derek. ...(*Interruptions*)...

SHRI DEREK O' BRIEN: Sure, this is a serious discussion.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't look at either side. You address the Chair.

SHRI DEREK O' BRIEN: Sir, this is a serious discussion. Let us not make it trivial.

So, this is the situation and this is the benchmark we should use. And if this has to be solved, this has to be solved between the Centre and the States.

[Shri Derek O' Brien]

The first point I want to refer to, Sir, is that this is a trend. I am referring to the ECOWRAP Report published by the State Bank of India Research which is actually important. It tells us that potato prices increase every two years. The onion prices increase every 2.8 years. Tomato prices increase every 2.4 years. I want the Government to take notice of this Report. It tells us that there may be a possible cartelization or a conscious decision to grow a particular crop in a year by vested interests. That is why I want to flag this issue. Now, today, I am flagging this issue of price rise. But there are others who are much more articulate and erudite than I am, who flagged the same price rise issue in May, 2012, and I quote, “Massive hike in petrol prices is the prime example of the failure of this Government. This will put a burden of hundreds of crores on them.” There is another message of November, 2013 by the same person, and I quote, “Wherever I went I saw that people were troubled by rising prices. Suddenly, no leader is saying anything to assure people on this issue.” These two tweets were made by the then Chief Minister of a State in western India on these issues. So, the then Chief Minister was very concerned about those issues. I am sure, in his new role today, he will be more concerned about these issues. So, these issues need to be addressed.

Sir, I will not use this discussion to throw brickbats, without a solution. Brickbats have to be thrown because this Government has to be held responsible for the pain they are causing to the people who are not in a descent world. On the ground, there is a considerable pain. This pain is not only restricted today to the prices of essential commodities, but as we discussed in the morning, and so many of my colleagues have raised this issue, it is even extended to the medicine prices and so many other items. But I will not bring that into the discussion today. One of the solutions we are offering is this. If some of the States have made significant progress in how to curb this, the first suggestion which my colleagues had made here in Parliament was in December 2015. It was stated by them that when you are importing, you are importing from far away African countries. The positive solution they gave at that time was, import from them, that is good. But also do import from the neighbouring countries. That was the suggestion we made in December 2015. Sir, there are a couple of other things which are working very well in Bengal. Now, you will say,"Why am I talking about Bengal?" I will tell you about Bengal. According to the Economic Survey of 2015-16, I quote: "The lowest rate of inflation in this country of less than 3 per cent is in Bengal. This was achieved due to the monitoring of prices of the essential commodities because we have set up the task force." Sir, a lot of work has been done in West Bengal. I am not here to blow the trumpet of Bengal, but I am here to share three or four

schemes which were there in Bengal. For example, *Kanya Shree* Scheme which has now become Beti *Bachao Beti Padhao*. But the other scheme is *Sufal Bangla* Scheme where the fair price shops in West Bengal are selling pulses and vegetables at a much lower rate because we are purchasing it directly from the farmers. This is making a significant impact, and I am sure, my colleagues from different States, who will be speaking after me, will all have their own suggestions to offer. I have two, three specific suggestions. I will conclude with those specific suggestions. I do not want to take extra time. But in this, what has bothered me even more is that this Government has inherited good kismat, good luck. But they have not been able to translate the good luck. Now, the good luck is, the crude oil price which was 110 dollar per barrel, has come down to 45 to 47 dollar per barrel. There are six, seven countries where the price of petrol has come down, and the maximum price rise has been from five to ten per cent. In India this is the worst example. What saddens me, what annoys me the most is that in spite of this, those benefits are not being passed on to the consumers because, on the one side, they say, *achhe din*, but *achhe din* are not for the larger percentage of the population. I have three or four simple suggestions to offer. One suggestion is to curb the distress selling by the farmers. You provide air-conditioned vehicles for transport of vegetables. We have provided 40-50 air-conditioned vehicles in Bengal. It has worked. In Bengal, the retail price of potato is ₹ 14 per kg. Guess, who is selling it? It is being sold through the fair price shops by the State Government. These are big issues. There are test drives which are conducted by the State Government to help control the prices. These are some of the bigger issues. And be it chillies or onions, targets have been achieved because of this kind of planning.

Sir, I have to say, as for communications of this Government, as I have said this before, they are very nicely communicating on social media, say, Twitter, Facebook etc. But, Sir, when it comes to these basic issues, they have forgotten who are the people who actually gave them this historic mandate in 2014.

Sir, I will end now. All I have to say is that at the end of it all, we will judge this Government not with whatever figures they give us; and, here, I will end with a story. There was a person who wanted to find out what is 'two plus two'. So, he went to a mathematician. तो mathematician ने बताया कि 'two plus two' तो 4 ही होता है। ठीक है। Then, the same person went to the accountant. जब उसने accountant से जाकर पूछा कि two plus two क्या होता है? तो accountant ने कुछ लिखा और फिर कहा कि two plus two चार ही होता है, plus or minus five per cent. उसके बाद वह आदमी went to the economist, who was part of the Government maybe; जब वह economist के पास गया तो economist ने पूछा, क्या चाहिए? जब उसने पूछा कि two plus two क्या होता है, तो economist ने दरवाज़ा बंद किया, called him closer, उसे बिठाया और पूछा,

[Shri Derek O' Brien]
क्या जानना चाहते हो? This person asked, "two plus two क्या होता है?" तब economist ने कहा, आपको जवाब चाहिए, आप बोलिए, what do you want it to be? Sir, this is the situation here. Fudging of numbers is not the solution. We want to see...

**श्री शान्ताराम नायक** (गोवा): ये अच्छे quiz master हैं। Mr. Brien, you are a perfect quiz master.

SHRI DEREK O'BRIEN: Fudging of numbers and calculations is not what the people of India want to see. So, I go back to where I started. When we come back after thirty days or sixty days, this Government has to be responsible for bringing down those prices in those forty markets of India, for which I have submitted those papers, and the rest of the country. Thank you, Sir, for giving me this opportunity.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Thank you very much. Now, hon. Members, I want to present my problem before the House. There are a number of speakers and the time allotted is two-and-a half hours only. The maximum we can go up to is three hours because.... ...(*Interruptions*)...

**श्री नरेश अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश): माननीय उपसभापति महोदय...

SHRIMATI VIPLOVE THAKUR (Himachal Pradesh): This is very important. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Let me complete. ...(*Interruptions*)... I say this because after this discussion, the decision today, in the meeting with the leaders is to take up one Bill also. Therefore, as per the decision of the leaders, I will be strict with regard to time. I want each Member to ensure that he sticks to the party's time. Now, the Congress has given nine names, and the total time allotted is thirty-seven minutes. What do I do? I am telling you, I will adhere to the time. If you want all the Members to speak, please, not more than five minutes... ...(*Interruptions*)...

**श्री शान्ताराम नायक**: 200 रुपए किलो दाल है। ...(**व्यवधान**)...

SHRI PALVAI GOVARDHAN REDDY (Telangana): Sir, prices are so high. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI VIPLOVE THAKUR: This is a very important issue. The Bill is not important but it is important to discuss this here. Don't talk about the Bill... ...(*Interruptions*)...

**श्री नरेश अग्रवाल**: उपसभापति जी, यह बहुत महत्वपूर्ण मुद्दा है, इसमें आप समय की सीमा मत रखिए। सवेरे ही यह तय हुआ था। ...(**व्यवधान**)... सवेरे टी क्लब में यही तय हुआ था। संसदीय कार्य मंत्री यहां बैठे हुए हैं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** सवेरे नहीं ...**(व्यवधान)**... There was a leaders' meeting. ...(*Interruptions*)... Mr. Minister, you should listen to this. ...(*Interruptions*)...

**श्री नरेश अग्रवालः** संसदीय कार्य मंत्री यहां बैठे हुए हैं। ...**(व्यवधान)**...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You listen. ...(*Interruptions*)... Now, sit down. ...(*Interruptions*)... No, one second, सुनिए। Today, at 1.00 p.m., at the leaders' meeting — in that meeting, all party leaders were present — it was decided that two-and-a half hours or maximum three hours upto 5.00 p.m, we would have this discussion and, after that, we would take up the Afforestation Bill. That is the decision. ...(*Interruptions*)... Therefore, I have to stick to the time and Members should adhere to their party time. That is all what I am saying.

**श्री नरेश अग्रवालः** माननीय उपसभापति जी, हमारे ख्याल से लीडर्स की बैठक का निर्णय और सदन का निर्णय, दोनों में अंतर हो सकता है। सदन की राय ही बहुमत है। ...**(व्यवधान)**...

**अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री मुख़्तार अब्बास नक़वी)**ः आप शुरू तो करिए। ...**(व्यवधान)**...

**श्री भुपेंद्र यादव** (राजस्थान): सर, कई बार समय तय करने में समय चला जाता है।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Now, Shrimati Rajani Patil. I already told you that between five and seven minutes, you have to finish. Not more than seven minutes, in any case.

**श्रीमती रजनी पाटिल** (महाराष्ट्र): सर, एक बहुत ही महत्वपूर्ण विषय पर आज सदन में चर्चा हो रही है। एनडीए सरकार के दो साल के कार्यकाल में शायद हम तीसरी या चौथी बार इसी विषय पर बार-बार चर्चा कर रहे हैं। हर बार हमारी यह अपेक्षा रही कि सरकार की तरफ से जो आसमान को छूने वाली महंगाई है, उस पर रोक लगा दी जाएगी और इसीलिए हम चर्चा करते थे और सब जगह घूमते थे, लेकिन दुर्भाग्य से इस अपेक्षा पर एनडीए की सरकार खरी नहीं उतरी है।

सर, मैं आपके माध्यम से बताना चाहती हूं कि हमारे प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी हर किसी चीज़ के बारे में twitter पर लिखते रहते हैं, लेकिन हमें लगता है कि जो हमारे देश की सर्व सामान्य जनता है, उनके ऊपर महंगाई की मार पड़ रही है, उसके बारे में भी उनको twitter पर लिखना चाहिए, दलितों पर अत्याचार के बारे में भी लिखना चाहिए, महिलाओं पर हो रहे अत्याचार के बारे में भी लिखना चाहिए। वे बाकी सब चीज़ों के बारे में लिखेंगे, लेकिन अपने ही देश में जो होने वाली चीज़ें हैं, उनका उल्लेख नहीं करेंगे, यह देखकर हमें खेद होता है।

सर, एनडीए सरकार ने दो साल होने पर एक बड़ा जश्न मनाया और जो जश्न इन्होंने यू.पी. में मनाया, यह सरकार स्लोगनबाज़ है और आए दिन स्लोगन देती है कि मेरा देश बदल रहा है, आगे बढ़ रहा है। यह इतना बढ़िया स्लोगन देती है और यह भी एक चुनावी जुमला जैसा है, क्योंकि महंगाई बढ़ाने के लिए यह देश आगे बढ़ रहा है, दलित अत्याचारों के लिए यह आगे बढ़

[श्रीमती रजनी पाटिल]
रहा है, महिलाओं पर होने वाले अत्याचारों के लिए यह आगे बढ़ रहा है, लेकिन सर्व सामान्य आदमी को, जो इस देश का आम आदमी है, उसकी व्यवस्थाएं पूरी करने के लिए कहीं पर भी कोई कोशिश होती हुई दिखाई नहीं दे रही है। यह सबसे बड़ी दुर्भाग्यपूर्ण बात है।

सर, मैं आपके माध्यम से बताना चाहूंगी कि महंगाई बढ़ने का ऐसा ही एक समय 2004 में था, जब चुनाव आए थे और एनडीए गवर्नमेंट ने "फील गुड फैक्टर" और "इंडिया शाइनिंग" का नारा दिया था। उन्हें लगा कि अच्छे-अच्छे स्लोगन देने से हिन्दुस्तान की जनता को हम मना सकते हैं, लेकिन उसके बाद में क्या हुआ, यह पूरी दुनिया जानती है।

सर, सपने दिखाना इनका खेल है। मैंने लास्ट टाइम भी बोला था कि सपनों का सौदागर आता है और हमें सपने दिखाकर चला जाता है। जब अप्रैल, 2014 में चुनाव हुए थे, तो उस टाइम के बीजेपी के अध्यक्ष और आज के हमारे गृह मंत्री राजनाथ सिंह जी ने मूल्य स्थिरीकरण कोष बनाने का वायदा किया था। जो मूल्य है महंगाई का, उसका हम स्थिरीकरण करेंगे, प्राइस राइज़ को रोकने का वायदा किया था और 11 जून को प्राइम मिनिस्टर की लोक सभा में मेडन स्पीच हुई, तो वहां पर भी उन्होंने यही बोला कि महंगाई कम करने के लिए हमारा पूरा प्रयास रहेगा। मुझे लगता है कि उसके लिए जो कदम उठाये जाने चाहिए थे, उसके लिए सरकार ने कुछ नहीं किया है। अच्छे दिन का वायदा तो उन्होंने किया था, लेकिन अच्छे दिन तो आए ही नहीं। जब मोदी जी हमारे सामने आएंगे, तो हम बोलेंगे कि कोई लौटा दे हमारे पुराने दिन, कोई लौटा दे मेरे बीते हुए दिन। वे दिन ही हमारे लिए बहुत अच्छे थे, ऐसा मुझे लगता है।

सर, कुछ दिन पहले रिजर्व बैंक के गवर्नर ने मौद्रिक नीति जारी करते हुए बोला था कि महंगाई बढ़ाने का अंदेशा उनको जाहिर हुआ था। ब्याज दरों को तथागत रखने की कोशिश करने के लिए उनको बोला गया था, लेकिन उनको मना कर दिया गया। महंगाई का बढ़ना मौजूदा समय में यह साबित कर रहा है कि जो रघुराम राजन ने कहा था, वही सही था और उसके अंदाज से हमें चलना चाहिए था।

सर, इस सरकार को आम आदमी की फिक्र नहीं है। आम आदमी का पेट घोषणाओं से नहीं भरता है। उनको थाली में रोटी चाहिए, दाल चाहिए, सब्जी चाहिए। वह उनको सस्ते दाम में नहीं मिल रही है। जो काम करने वाले मजदूर लोग हैं, जो ऑर्गनाइज्ड और अनआर्गनाइज्ड सेक्टर में काम करते हैं, उनकी इन्कम सीमित है, उनको कोई सातवां वेतन आयोग मिलने वाला नहीं है, उनकी आय में वृद्धि होने वाली नहीं है। आप उनको किस तरह से दिलासा दिलाएंगे, यह आप हमें बताइए।

सर, किसानों की हालत बहुत बदतर है। हम भी किसान परिवार से आते हैं। सभी जगह पर बाढ़ की चर्चा हो रही है, लेकिन हमारे मराठवाड़ा क्षेत्र में अभी भी पानी नहीं बरसा है, अभी भी पानी नहीं आया है। अभी भी हमारे या पीने के लिए पानी टक्कर से लाना पड़ता है। हमारे यहां लगातार पांच वर्ष से बारिश नहीं हो रही है। जो भी धान होता है, उसको बिचौलिए खा जाते हैं। जो बिचौलिए हैं, वे किसानों से धान की फसल को बहुत कम पैसों में खरीदते हैं और जब बेचते हैं, तो अपना प्रॉफिट कमाते हैं। यह परिस्थिति है। सर, सरकार ने जो न्यूनतम मूल्य बढ़ाया था, वह बहुत ही कम बढ़ाया था। उसने सिर्फ 60 रुपए प्रति क्विंटल ही बढ़ाया था। सरकार ने तीन गुना दाम बढ़ाने का वायदा किया था, one-and-a-half से ज्यादा।

सर, यह सबको मालूम है और यहां पर जिक्र भी किया गया कि अन्तर्राष्ट्रीय मार्केट में तेल के दाम 150 डॉलर से लेकर 40 डॉलर नीचे आ गए हैं, लेकिन फिर भी महंगाई बढ़ती ही जा रही है। काला धन वापस लाने का वायदा किया गया था। हमारे ग्रामीण लोगों ने सोचा कि हमारे खातों 15-15 लाख रुपए आएंगे, इसलिए उन्होंने 'जन धन योजना' के अतंर्गत खाते खुलवाए, लेकिन 15 लाख तो क्या उनके खाते में 15 पैसे भी भी नहीं आए। यह सबसे बड़ी दुखदाई बात है। दो सालों टमाटर की कीमत 424 प्रतिशत और आलू की कीमत 156 प्रतिशत बढ़ गई है। सूखा प्रभावित क्षेत्रों में किसान व मजदूर बेरोजगार हैं। सर, हमारी व्यवस्था में कहीं न कहीं खोट है, वरना पर्याप्त सप्लाई के बाद भी महंगाई कम नहीं हो रही है। एक साल में महंगाई 3 प्रतिशत बढी गई है। ...(**समय की घंटी**)... सर, मैं एक महिला होने के नाते सदन में यह बताना चाहती हूं कि ब्याज और आलू की यूपीए गवर्नमेंट के समय 10-15 रुपए किलो मिलता था, अभी वह 25-30 रुपए किलो हो गया है।

हमारे देश में अरहर की दाल पर सबसे ज्यादा प्रभाव पड़ा है। यह हमारे यूपीए के टाइम में 70 से 80 रुपए प्रति किलो हो गई थी और ज्यादा से ज्यादा 90 रुपए हो गई थी, तो यही बीजेपी के लोग चिल्लाते थे कि अरहर की दाल महंगी हो गई है। अब इनके समय में यही अरहर की दाल 180 रुपए से लेकर 200 रुपए तक हो गई है। टमाटर 20 रुपए से बढ़कर 80 रुपए तक हो गया है। हमारे पास सलाद में खाने के लिए टमाटर नहीं है। यूपीए सरकार के समय दालों की कीमत 100 रुपए तक होती थी, अब ये बढ़कर 150 रुपए तक हो गई है। सर, आप उसी क्षेत्र से आते हैं, जहां पर अधिकतर लोग चावल खाते हैं, आज हमें चावल खाने के लिए 60 रुपए प्रति किलो पर देने पड़ते हैं। अगर हम सब्जी लेने के लिए मंडी में जाते हैं, तो पहले सब्जी वाले धनिया और मिर्च मुफ्त में दे देता था, अभी वही धनिया 200 रुपए प्रति किलो के दाम पर बिक रहा है। सर, बहुत ज्यादा महंगाई बढ़ गई है। मुझे लगता है कि हम इस महंगाई की कल्पना ही नहीं कर सकते।

सर, हमने हाल ही में बाल मजदूरी का विधेयक पारित किया है। अगर इस तरह से महंगाई बढ़ती रहेगी, तो गरीब मां-बाप को अपने बच्चों को काम पर लगाने के सिवाय और कोई चारा ही नहीं रहेगा। सर, हम यहां हमेशा अपराधों के बढ़ने की बात करते हैं। अपराध बढ़ने का भी मूल कारण महंगाई का बढ़ना है। आज वित्त मंत्री जी कह रहे हैं कि "There is no panic situation in the country for us to worry." मुझे लगता है कि कहीं न कहीं ...(**समय की घंटी**)... वे जिस ढंग से काम कर रहें हैं, उनको लोगों की संवेदना को कम करने की आवश्यकता है।

सर, मैं सिर्फ लास्ट में एक बात कहना चाहूंगी और मैंने लास्ट टाइम भी यह बात कही थी और फिर मुझे बार-बार यह याद आती है। हमने इतिहास की किताबों में पढ़ा है कि जब रोम जल रहा था, तब राजा नीरो फिडल बजा रहा था। जब इतनी महंगाई बढ़ रही है, दलितों के ऊपर अत्याचार बढ़ रहे हैं और महिलाओं पर अत्याचार बढ़ रहे हैं तथा सब जगह पर ऐसी परिस्थिति पैदा हो गई है, तब केंद्र में राज करने वाले लोग बहुत ही असंवेदनशीलता से चुप्पी साधकर बैठे हैं। इन्होंने 2014 में एक नारा दिया था, बाद में उन्होंने कहा कि यह चुनावी जुमला था। मैं उनको उस चुनावी जुमले की याद दिलाकर, अपना भाषण खत्म करूंगी। उन्होंने कहा था कि 'बस हो गई महंगाई की मार, अब की बार.....।' अब इसी को भारत के लोग बोलेंगे, 'बस हो गई महंगाई की मार, अबकी बार कभी नहीं मोदी सरकार", धन्यवाद।

**श्री प्रभात झा** (मध्य प्रदेश): आदरणीय उपसभापति महोदय, केंद्रीय वित्त मंत्री श्री अरुण जेटली ने अपने केंद्रीय बजट के दोनों भाषणों में कहा था कि मेरी सरकार की मुख्य उपलब्धि महंगाई पर काबू पाना है। मेरे विचार से महंगाई में कमी संरचनात्मक परिवर्तन को परिलक्षित करेगी। हमें आशा है कि आगे चलकर इस वर्ष की समाप्ति पर उपभोक्ता मूल्य सूचकांक मुद्रास्फीति लगभग 5 प्रतिशत रहेगी। इससे मौद्रिक नीति को और सहज बनाया जा सकता है। सरकार ने 2014-15 के बजट भाषण में भी इसका वायदा किया था। इस रूपरेखा में मुद्रास्फीति को 6 प्रतिशत से नीचे रखने के लक्ष्य का स्पष्ट रूप से उल्लेख है। मौद्रिक नीति समिति का गठन करने के लिए इस वर्ष भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम में संशोधन भी करने वाले हैं।

महोदय, जब आर्थिक समीक्षा आयी थी, उसमें भी कहा गया था कि महंगाई 4 से 4.5 प्रतिशत रही है। अभी हमारी रजनी बहन कह रही थीं कि नारे की सरकार है। मैं उन्हें बताना चाहता हूं कि 1971 में भी एक नारा लगाया गया था, "गरीबी हटाओ।" क्या वह हट गयी? महोदय, सवाल यह नहीं है। महंगाई का दर्द होना और महंगाई पर राजनीति करना दोनों-दोनों अलग-अलग बातें हैं। ...(**व्यवधान**)... उपसभापति जी, मेरा समय नोट कर लीजिए। मेरा समय नहीं काटिएगा।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Don't disturb, please.

**श्री प्रभात झाः महोदय**, महंगाई नियंत्रण के लिए सरकार की ओर से सर्वोच्च प्राथमिकता दी गयी है। मैं आपको बताना चाहता हूं कि प्याज जब नहीं बिक रहा था, किसान तड़प रहे थे, उस समय मध्य प्रदेश राज्य की सरकार ने किसानों से सरकारी मूल्य पर प्याज खरीदने की व्यवस्था की और प्याज बहुत सस्ती हो गयी थी। यह आप किसे कर रहे हैं? आप किस आलू के भाव की बात कर रहे हैं, कौन से चावल के भाव की बात कर रहे हैं, कौन से अनाज के भाव की बात कर रहे हैं? ..(**व्यवधान**).. महंगाई को नियंत्रित करने के लिए हमारी सरकार ने पूरे कदम उठाए हैं। आज उसे समझने की जरूरत है। आप आंकड़ों की जुमलेबाजी में हमें घुमाने की कोशिश मत कीजिए। जनता के दर्द को यदि कोई समझता है, तो उसका नाम है, एनडीए की सरकार और उसके प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी जी हैं। ...(**व्यवधान**)... मुझे मालूम है, यह बात आप नहीं सुनेंगे।

**श्री आनन्द शर्मा** (हिमाचल प्रदेश): इस से बड़ा मज़ाक नहीं हो सकता।

**श्री प्रभात झाः** आनन्द जी, कीमत नियंत्रण कोष की स्थापना किसने की? किस सरकार ने उसके लिए करोड़ों रुपयों की व्यवस्था की? आपने कभी की? मैं आप को सुनाने के लिए आपके ही आंकड़े लेकर आया हूं। 20 सितम्बर, 2013 के Economic Times में एक रिपोर्ट छपी थी। उस रिपोर्ट के अनुसार आपकी सरकार के 10 सालों में खाने-पीने की चीजों में ढाई गुना से ज्यादा वृद्धि हुई थी। आज मूल्य वृद्धि नियंत्रण में है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री शमशेर सिंह ढुलो** (पंजाब): आज सौ परसेंट बढ़ गयी है।

**श्री नरेंद्र बुढानिया** (राजस्थान): आज की बात कीजिए।

**श्री प्रभात झाः** आप सुन लीजिए। मैं रिकॉर्ड के आधार पर बात करता हूं, मैं जुमलेबाजी नहीं करता। मैं नारे नहीं लगाता। ...(**व्यवधान**)... आपकी रिपोर्ट कहती है कि एनडीए सरकार के दोनों कार्यकाल में महंगाई ने आम आदमी को त्रस्त कर दिया था। महोदय, ये आंकड़े चौकाने वाले हैं। ...(**व्यवधान**)... देश में सब्जियों के दामों में 350 प्रतिशत की बेतहाशा वृद्धि आपके जमाने में हुई थी। हमारे जमाने में यह वृद्धि नहीं हुई है, यह आप नोट कर लीजिए। दूसरे, 2004 से लेकर

...(**व्यवधान**)... अरे, सुन लीजिए ...(**व्यवधान**)... 2004 से लेकर 2013 तक प्याज के दामों में 521 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी। आपकी सरकार ने 10 सालों में प्याज के दाम बढ़ाए थे। ...(**व्यवधान**)... आप किसे कह रहे हैं? आप दामों को नियंत्रण नहीं कर पाए और जिस कारण सरकार चली गयी। अब आपको महंगाई लग रही है। महाराष्ट्र में क्या हुआ? क्या हुआ झारखंड में? क्या हुआ अभी-अभी असम में? आप जनता को मूर्ख मत बनाइए। महंगाई के नाम पर राजनीतिक रोटियां सेकना बंद करिए। आप अपने गिरेबान में झांककर देखिए कि आपने क्या किया है? महोदय, गरीब परिवारों को कई सब्जियां अपने खाने से हटानी पड़ती हैं। वर्ष 2009 के बाद ...(**व्यवधान**)... आप हमें दालों की कीमत बता रहे हैं?

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Look at the Chair. Don't look at them, Shri Prabhat Jha. Don't look at them. ...(*Interruptions*)... All of you please sit down.

**श्री प्रभात झाः** मैं आपको बता रहा हूं। आप जिस दाल की कीमत की बात कह रहे हैं ...(**व्यवधान**)...

SHRI ANAND SHARMA: I do not want to interrupt him. ये अपनी सरकार की जवाबदेही की बात करें। ये 10 सालों की बात न करें, तो अच्छा होगा। ये 2016 की महंगाई की बात करें।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Mr. Sharma, you can reply when your time comes.

**श्री प्रभात झाः** महोदय, आप मेरा समय कम मत करिए।

**श्री उपसभापतिः** आप बोलिए।

**श्री प्रभात झाः** मैं क्या बोलूं? जब सुनते नहीं हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)... रिकॉर्ड पर है। ...(**व्यवधान**)... वे सुनते हैं। ..(**व्यवधान**).. आप बोलिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झाः** आनन्द जी, मैं दूध की कीमत बता रहा हूं। ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** बैठिए, बैठिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झाः** मैं आज की बात कहूंगा। दूध की ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You address the Chair ...(*Interruptions*)... You continue speaking ...(*Interruptions*)... You address the Chair.

**श्री प्रभात झाः** सर, मैं आपसे कह रहा हूं। दूध की कीमत 129 फीसदी बढ़ गई थी और अंडा, जिसको आप अंडा कहते हो, उस अंडे की कीमत 124 फीसदी बढ़ गई थी। कितना बड़ा मज़ाक किया था आपने? मैं आपसे किन-किन चीज़ों की बात कहूँ? आप और सुनना चाहते हैं? मोदी सरकार के दौरान जून, 2016 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक, 5.77 रहा, जबकि नवंबर, 2013 में, जब यूपीए की सरकार थी, तब यह सूचकांक 11.16 था। यह मैं नहीं कह रहा, ये सरकारी आंकड़े कह रहे हैं। यदि चाहें तो आप आरटीआई के माध्यम से और सीधे सदन से भी इनको निकलवा सकते हो। आप महंगाई बढ़ने की बात किससे कह रहे हैं?

**श्रीमती विप्लव ठाकुरः** क्या बात है?

**श्री प्रभात झाः** विप्लव जी, थोड़ा सा धैर्य रखिए।

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Viplove ji, you are not permitted. Sit down.

**श्री प्रभात झाः** यह स्थिति, 5.75 पर कब बनी? मैं बताता हूं कि जब दो साल से — आज़ादी के बाद, लगातार दो साल तक सूखा बहुत कम पड़ा है, लेकिन इस बार — यह आप ही ने कहा, अभी रजनी बहिन ने कहा कि सूखा पड़ा है, तो मैं कहूंगा इस सूखे के बाद भी महंगाई पर नियंत्रण किया गया है। इतना ही नहीं, गौरतलब है कि आज़ादी के बाद सिर्फ दो बार, 1965 और 66 में एवं 1986 और 87 में सूखा पड़ा था। अब, इस बार सूखा पड़ा है। उसके बाद भी, ऐसे में यह कहना कि खाद्य महंगाई बढ़ रही है, मुझे लगता है कि यह सरकार के साथ राजनैतिक बदला लेने की बात है। यह जनता की आवाज़ नहीं है। आप जनता से पूछिए कि चावल क्या भाव है, गेहूँ क्या भाव है, आटा क्या भाव है, तेल के क्या भाव हैं और केरोसिन के क्या भाव हैं? मैं चुनौती देता हूं कि क्या इसके दाम बढ़े हैं? आप दाल की बात करते हैं? ..(**व्यवधान**)..

मैं खाद, डीज़ल और पेट्रोल पर नहीं आता हूं, मैं आपको दाल की बात बताता हूं। सरकार ने दाल की महंगाई कम करने के लिए दाल का बफ़र स्टॉक 8 लाख टन से बढ़ाकर 20 लाख टन किया है। ऐसा आपकी सरकार ने नहीं किया था। इतना ही नहीं, अब तक सरकार ने 2016-17 में ...(**व्यवधान**)... सर, सुनिए, सुनिए। ...(**व्यवधान**)...

**श्री पि. भट्टाचार्य** (पश्चिमी बंगाल)ः उपसभापति जी ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Bhattacharyaji, he is not yielding.

**श्री प्रभात झाः** उपसभापति महोदय, सरकार ने अब तक 2016-17 में 1.19 लाख टन दाल खरीदी है और इसको जनता को उपलब्ध कराने में लगी हुई है। इसे राज्य सरकारों को, 120 रुपये किलोग्राम से, subsidised रेट पर बांटने के लिए कहा गया है। अनेक राज्य सरकारों ने इसकी शुरुआत की है। आप किसकी बात कर रहे हैं? सरकार ने राज्यों द्वारा, 120 रुपये प्रति किलोग्राम के खुदरा मूल्य तक दालों के वितरण की पूरी व्यवस्था की है। इतना ही नहीं, राज्यों को अरहर दाल 60 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से और उड़द दाल 82 रुपये प्रति किलोग्राम की दर से आवंटित की जा रही है। उनसे कहा गया है कि कम दामों पर बेचो। आप हमारी नीयत पर मत जाइए। हमारी नीयत इतनी साफ़ है। अभी आपने कहा है कि बदल रहा है, अरे बदल रहा है, तो हम 44 पर आ गए हैं, क्योंकि जनादेश मिला है आपको। आपने दस साल तक जनता का खून चूसा, ...(**व्यवधान**)... आपने दस साल तक जनता को गुमराह किया, ...(**व्यवधान**)... आपने दस साल तक जनता को बदनाम किया, आपने जनता को दस साल तक महंगाई की आग में झोंका और उसके बाद आप सफ़ाई दे रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... आप किस बात की सफ़ाई दे रहे हैं? ...(**व्यवधान**)...

**श्री उपसभापतिः** आप बैठिए, बैठिए ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झाः** आप और सुनिए। उपसभापति महोदय, ये बौखला रहे हैं, अभी और बौखलाएंगे। 10,000 मीट्रिक टन ...(**व्यवधान**)... दालों के, अर्थात् 8,000 मीट्रिक टन ...(**व्यवधान**)... एक मिनट सर। ...(**व्यवधान**)... राज्यों को 8,000 मीट्रिक टन अरहर दाल के लिए एवं 2,000 मीट्रिक

टन उड़द दाल के लिए 24.4 करोड़ रुपये की subsidy दी गई है। कोई राज्य बताए कि नहीं दी गई है? आप क्या बात करते हैं?* बोलने के लिए ...(**व्यवधान**)... उपसभापति महोदय, देश को साठ साल तक गुमराह करने वाले जब उस तरफ बैठ गए हैं, तो चिल्लाहट मची हुई है, हाहाकार मचा हुआ है। इनके एक नेता धरने पर बैठे। वे एक घंटा बैठे, अब एसी की आदत तो छूटी नहीं है, तो वे आईसीयू में भर्ती हो गए! यह हालत है इनकी! संघर्ष का माद्दा बचा नहीं है, देश को गुमराह मत करिए। ...(**समय की घंटी**)... हम महँगाई पर नियंत्रण कर रहे हैं, महँगाई पर नियंत्रण करेंगे और 2019 में भी नरेंद्र भाई मोदी के नेतृत्व में सरकार बनाएँगे। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You can speak when your turn comes, but not now. ...(*Interruptions*)... Now, Shri Naresh Agrawal. ...(*Interruptions*)...

**श्री नीरज शेखर** (उत्तर प्रदेश): सर, मैं मांग करता हूँ कि ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You can speak when your turn comes. ...(*Interruptions*)...

**श्री नीरज शेखर**: सर, इन्होंने कहा कि जुमले नहीं बोलते, तो जुमले कौन बोलता है? ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN:* is unparliamentary. That is expunged. ...(*Interruptions*)... That is expunged. मैंने नरेश अग्रवाल जी को बुलाया है। Now, Shri Naresh Agrawal. ...(*Interruptions*)... Please do not do that. ...(*Interruptions*)...

**श्रीमती कहकशां परवीन** (बिहार): सर, मुझे एक मिनट दीजिए। ...(**व्यवधान**)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: You are taking his time. ...(*Interruptions*)... I am not allowing you. ...(*Interruptions*)... I am not allowing you. ...(*Interruptions*)... Do not take his time. ...(*Interruptions*)... Do not encroach upon his time. ...(*Interruptions*)... Shri Naresh Agrawal. ...(*Interruptions*)...

**श्री नरेश अग्रवाल**: माननीय उपसभापति जी, मैं अभी होने वाले वित्त मंत्री जी का बयान सुन रहा था।

**श्री उपसभापति**: होने वाले!

**श्री नरेश अग्रवाल**: होने वाले वित्त मंत्री जी का।

**श्री उपसभापति**: अच्छा, आप इसका decision लेते हैं!

**श्री नरेश अग्रवाल**: हां, यह हमारी इच्छा है। ...(**व्यवधान**)...

**श्री प्रभात झा**: मैं यह भी जुमला स्वीकार करता हूँ। ...(**व्यवधान**)...

**श्री नरेश अग्रवाल**: आपको तो खुश होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)... झा जी, आपको तो खुश होना चाहिए। ...(**व्यवधान**)...

---

* Expunged as ordered by the Chair.

**श्री उपसभापतिः** आप सुनिए।

**श्री नरेश अग्रवालः** मैं नहीं समझता कि चाहे इधर बैठें, चाहे उधर बैठें, कहीं बाध्यता है कि हम सत्य न बोलें। जब हम आँकड़ों के आधार पर जाते हैं, तो श्रीमन्, हम अपने अन्दर एक भ्रम पैदा कर लेते हैं। आप आँकड़ों की खुशी चाहे जितनी कर लीजिए, हर बार हम बजट में सुन लेते हैं कि हमारी जीडीपी इतनी हो गई, महँगाई की सूचकांक दर घटी, प्रति व्यक्ति आय बढ़ी, हमने बेरोजगारी कम कर दी। हर बार हम बजट में यह भाषण सुन लेते हैं। श्रीमन्, आँकड़े भी प्रस्तुत हो जाते हैं। वे ही जब इधर बैठते हैं, तो आँकड़े की जगह सत्यता पर आधारित हो जाते हैं और वे ही जब उधर बैठते हैं, माननीय रामविलास पासवान जी बैठे हैं, वे दलितों की राजनीति करते हैं, गरीबों की राजनीति करते हैं, जब तक यहां बैठते थे, तब तक सही बोलते थे, लेकिन आज आँकड़ों के आधार पर कुछ और बोलते हैं। अभी एफसीआई का आधार, दाल खरीद और सब चीजों पर बोल कर ये कह देंगे कि देश में महँगाई है ही नहीं! श्रीमन्, आज 10 रुपए और 20 रुपए का नोट जेब में रखना अपने आपको insult महसूस कराना है। अगर एक भिखारी को 10-20 रुपए दो, तो भिखारी भी लेने को तैयार नहीं है। झा जी, कभी-कभी यह स्थिति आती है कि सेंट्रल हॉल में चाय/कॉफी पी लो और जब वेटर कहता है कि साहब, 20 रुपए का बिल हुआ, तो सोचना पड़ता है कि उसके लिए 20 रुपए कहां से लाएँ। यह सोचना पड़ता है कि इसको 20 रुपए कहां से दें। क्या यह सत्य नहीं है? हम स्वीकार नहीं कर रहे हैं, यहां हर बार चर्चा होती है, लेकिन चर्चा का समाधान क्या निकलता है? मैं तो चाहता हूँ कि चर्चा के बाद समाधान निकले। सत्यता स्वीकार करने में क्या बुराई है? आज महँगाई है, पूरा देश जानता है। आँख मींच कर अँधे से भी पूछ लो कि देश में महँगाई है या नहीं। झा साहब, आप अपने घर में हमारी भाभी से पूछ लेना कि यह बता दे कि महँगाई है या नहीं है। आप तो पार्लियामेंट में बैठे हैं, बाजार में सामान वे खरीदती हैं।

**श्री प्रभात झाः** मैं यह सवाल भाभी से पूछूँगा।

**श्री नरेश अग्रवालः** वे पक्की आरएसएस वाली तो नहीं हैं! ...**(व्यवधान)**... चलिए, मैं कह रहा हूँ कि इनको शर्म महसूस नहीं हो रही है। अभी सरकार ने 7th Pay Commission लागू किया। अगर महँगाई नहीं थी, तो आपने तनख्वाहें दोगुनी, तिगुनी क्यों कर दीं? क्या ये महँगाई नहीं बढ़ाएँगी? जब तनख्वाह ज्यादा होगी, मार्केट में पैसा ज्यादा होगा, चीजें कम होंगी, तो क्या ये महँगाई नहीं बढ़ाएँगी? खुद रिजर्व बैंक के गवर्नर ने अभी कहा कि देश में महँगाई बढ़ी है, हमें महँगाई रोकनी चाहिए। हम लोगों ने रिजर्व बैंक से बहुत बार कहा कि अगर आप ब्याज दर नहीं घटाएँगे, तो महँगाई बढ़ती चली जाएगी। लेकिन रिज़र्व बैंक ब्याज की दर को कम नहीं कर रहा है। आज उस गरीब आदमी से पूछिए कि उसकी क्या हालत है, जिसको ईएमआई देनी पड़ती है। उसकी सारी तनख्वाह निकल जाती है, वह ईएमआई कहां से देगा? आप खुद सेवेंथ पे कमिशन लागू कर रहे हैं, यह अलग बात है कि एमपीज़ की सैलरी बढ़ाने में आपको बड़ी तकलीफ हो रही है, क्योंकि एमपीज़ पर न तो गरीबी आती है, न बीमारी आती है और न ही कोई दुःख आता है। लोग मानते हैं कि नेता हो गए, तो सब चीज़ अच्छी हो गई, नेता को कोई चीज़ आती ही नहीं है। मैं अभी कह रहा था कि महंगाई का बेसिक कारण आप क्यों नहीं जानते? सरकार सिर्फ इतना बता दे कि किस चीज़ की, किस महीने में कितनी उपलब्धता है और कितनी मांग है, जब तक आप मांग और उपलब्धता के अंतर को दूर नहीं करेंगे, तब तक आप महंगाई कभी दूर

नहीं कर सकते हैं, लेकिन हमारे पास इसके कोई आंकड़े ही नहीं हैं। हमारे यहां पुराने सरकारी आंकड़े चलते चले आ रहे हैं, उन्हीं आंकड़ों की आबादी इतनी अधिक बढ़ रही है।

दूसरा, अभी देरेक जी भी कह रहे थे कि crude oil का अंतरराष्ट्रीय मूल्य क्या है और हमारे यहां पर पेट्रोल-डीज़ल का दाम क्या है? जो पेट्रोल रिफाइनरी से 21-22 रुपये प्रति लीटर की दर से निकलता है, वह बाज़ार में कं ज्यूमर को 67 रुपये में मिलता है। जब आप डीज़ल का दाम 60 रुपये प्रति लीटर रखेंगे, तो मूल्य तो अपने आप ही बढ़ेंगे, क्योंकि उससे ट्रांस्पोर्टेशन कॉस्ट बढ़ेगी। इस तरह तो मूल्य अपने आप बढ़ जाएंगे। आप व्यापारी को दोष देते हैं। एक जमाना था, जब यह नारा लगता था कि व्यापारी चोर है, काले धन वाला है, लेकिन आज जब आपने डब्ल्यूटीओ लागू कर दिया है, पूरे विश्व का बाज़ार खोल दिया है, तब आप यह कैसे कह सकते हैं कि व्यापारी कालाबाज़ारी कर रहा है। अब तो सरकार खुद ही खरीद कर रही है। अभी प्रभात झा जी कह रहे थे कि आपने कितनी दाल, कितने मूल्य पर खरीदी और कितने रेट में उसको सप्लाई किया, लेकिन उतने रेट पर क्या वह दाल आम कंज्यूमर तक पहुंची? आप अपनी एफसीआई को ही ले लीजिए। आज एफसीआई में कितना करप्शन है? आज अगर आप एफसीआई के माध्यम से, सरकार द्वारा जो रेट तय किए गए हैं, उस मूल्य पर कोई चीज़ खरीदें, तो उसको रखने की कॉस्ट कितनी आएगी? हम तो कहेंगे, पासवान जी आप इतना बता दीजिएगा कि अगर हम एक बोरा गेहूं सरकारी दाम पर खरीदते हैं, तो आपके यहां आने तक और आपके यहां से बाहर जाने तक उस पर एफसीआई की कॉस्ट कितनी हो जाएगी? अगर हमने 160 रुपये में एक बोरा गेहूं खरीदा, तो आपके यहां आने-जाने में ही उसकी कॉस्ट 200 रुपये हो जाती है। एफसीआई की अपनी कॉस्ट ही इतनी ज्यादा है।

दूसरा, आप देखें, आज जो रिटेल प्राइस वाले हैं या आपने जो सरकारी अनाज की दुकानें खोली हैं, उनसे क्या आप यह आशा करते हैं कि वे सही दाम पर उसको बांट देंगे? जहां से निकासी शुरू होती है और आखिर तक, एक छोटे दुकानदार को, जिसको हम लोग अपनी भाषा में राशन की दुकान बोलते हैं, उस राशन की दुकान चलाने वाले को कितनी जगह पैसा देना पड़ता है? कौन सा इंस्पेक्टर उनको छोड़ देता है? डीएसओ, डीएम तक का बंधा हुआ होता है, एफसीआई का बंधा हुआ होता है, जब सबका पैसा बंधा हुआ है, तो आप उससे यह आशा कैसे करते हैं कि वह तेल और अनाज सही रेट पर दे देगा? यह सत्यता है, इसको हमें स्वीकार करना चाहिए। अगर हम इस सत्यता को स्वीकार नहीं करेंगे और कह देंगे कि सरकार Fair Price Shop को ठीक से नहीं चला रही है या यह सरकार की जिम्मेदारी है, तो यह उचित नहीं होगा। यह जिम्मेदारी हम सबकी है, केवल सरकार की नहीं है। हम इसमें खाली सरकार को दोषी नहीं मान रहे हैं, यहां तो व्यवस्था दोषी है और जब तक व्यवस्था नहीं बदलेगी, तब तक दोष कैसे दूर होगा? आज तक प्लानिंग कमिशन गरीबी की परिभाषा तय नहीं कर पाया है। किस राज्य में बीपीएल की श्रेणी में कितने लोग हैं, यह आप अभी तक तय नहीं कर पाए हैं। आपके चार-चार कमिशन बैठ चुके हैं, सक्सेना कमिशन, तेंदुल्कर कमिशन और तमाम कमिशन बैठाए गए, एक बार तो योजना आयोग ने कह दिया कि जिसकी आमदनी 18 रुपये से 23 रुपये है, वह गरीबी रेखा से नीचे है।

श्रीमन्, हम लोगों के पास भी लोग आते हैं कि हमारा बीपीएल कार्ड बनवा दीजिए, अब तो उसको आधार से जोड़ दिया गया है। हम लोग देख रहे हैं कि आपने इसकी संख्या इतनी

[श्री नरेश अग्रवाल]

लिमिटेड कर दी है, लेकिन आबादी इतनी बढ़ गई है, इसलिए इसको चाहने वाले लोग ज्यादा हो गए हैं। हम कहां से उनका राशन कार्ड बनवाएं और कहां से उनको दो-तीन रुपये किलो में चावल और गेहूं दिलवाएं? इसका नतीजा आज यह महंगाई है।

बेरोज़गारी की क्या हालत है? आपने सब जगह नौकरी बंद कर दी, एफसीआई में बंद कर दी, रेलवे में बंद कर दी, बैंक में बंद कर दी, सरकारी दफ्तरों में बंद कर दी। एक अभियान सा चल गया कि हम नौकरी नहीं देंगे, सरकार बचत करेगी। उस अभियान के तहत बेरोज़गारी की दर क्या हो गई है? आप बेरोजगारी की दर बता दीजिए। मैं पूछना चाहता हूँ कि राज्यों ने कितने-कितने करोड़ लोगों को बीपीएल के अतंर्गत लाने के लिए आपसे अनुरोध किया कि हमारे यहां के इन लोगों को बीपीएल की श्रेणी में ले लिया जाए, और उसमें से आपने कितने लोगों को एलाउ किया? इनकी संख्या आप कब बढ़ाने जा रहे हैं? आखिर उसको भी तो देख लीजिए, जो गरीब गांव में रह रहा है, वह कैसे रहता है, उसको क्या चाहिए, उसकी आवश्यकता कैसे पूरी होगी, वह उस श्रेणी में कैसे आएगा, उसको सस्ता अनाज कैसे मिलेगा! बहुत से राज्यों ने तो अपने यहां अपनी स्कीम चला रखी है, तमिलनाडु में अपनी चली हुई है, वहां पर खाना दिया जाता है। मैंने पढ़ा था, वहां पर तमिलनाडु की सीएम की अपनी योजना है, जिसमें सस्ता फूड दिया जाता है। हमारे मुख्य मंत्री जी ने भी उत्तर प्रदेश में किया है, हमारे यहां उत्तर प्रदेश में सरकार ने योजना चलाई है कि गरीब मजदूरों को हम सस्ता खाना उपलब्ध कराएंगे। तमाम राज्यों ने तो अपने राज्यों में ऐसा कुछ चलाया हुआ है, लेकिन केंद्र सरकार ने क्या कभी उन योजनाओं को सराहा है? क्या केंद्र सरकार उन योजनाओं के लिए कोई सहायता देने की बात करती है? क्या केंद्र सरकार कभी उन योजनाओं को अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराने की बात करती है? हम बदले की भावना से नहीं कह रहे हैं, लेकिन कहीं न कहीं उन राज्यों के प्रति केंद्र की नीयत बदले की भावना जैसी दिखाई देती है, जहां उनकी सरकार नहीं है। आज मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखंड आपको अच्छे लग रहे हैं, लेकिन उत्तर प्रदेश, बिहार, बंगाल आपको बुरे लग रहे हैं। ...(**व्यवधान**)... दिल्ली छोड़ दो, दिल्ली तो एक्सेप्शन है, उसको हम नहीं मानते, दिल्ली के बारे में हम कुछ नहीं कहेंगे, लेकिन ये राज्य आपको इसलिए अच्छे नहीं लगे, क्योंकि ये राज्य अपनी स्कीम चला रहे हैं, ये राज्य अपने पैरों पर खड़े होने की कोशिश कर रहे हैं। आज सबेरे बहस हो रही थी, जब बैठक में आंध्र प्रदेश वाले विशेष राज्य दर्जे की बात कर रहे थे, तो हम लोगों ने कहा कि केवल आंध्र प्रदेश ही क्यों, देश के अन्य राज्य भी तो विशेष श्रेणी की बात कर रहे हैं, उनको विशेष श्रेणी का दर्जा दिया जाए, जैसे बिहार ने मांग की, उत्तर प्रदेश ने मांग की, हमें नहीं मालूम कि बंगाल ने की या नहीं की, बंगाल ने भी मांग की होगी, तो यह एक बहस का मुद्दा है और मुद्दा ही नहीं बल्कि इसका समाधान भी निकलना चाहिए। हम तो कह रहे थे कि हमने खाली असेंशियल चीजों की महंगाई की चर्चा नहीं की थी, हम तो सभी चीजों की महंगाई की बात कर रहे थे। अगर वित्त मंत्री जी जवाब देते, तो ज्यादा अच्छा होता, लेकिन होने वाले वित्त मंत्री ने जवाब दे दिया। चलिए, यही अच्छा है।

श्रीमन, मैं यह बात कह रहा हूँ कि महंगाई को पूरे रूप में जोड़ कर देखा जाए और सोचा जाए कि उसका कैसे समाधान होगा। अगर दलगत राजनीति से हटकर हम वास्तविकता पर आएं, मैं कहता हूँ कि क्यों नहीं आएं, आने में क्या दिक्कत है, हमारे देश की जनता में एक बहुत बड़ी अच्छाई है कि अगर गलती करके स्वीकार कर लो तो हमारे देश की जनता बहुत जल्दी माफ

कर देती है, लेकिन अगर गलती करके अस्वीकार करोगे, गलती नहीं मानोगे, तो हमारे देश की जनता इरिटेट करती है।

**श्री उपसभापतिः** आपका टाइम पूरा हो गया, 12 मिनट हो गए।

**श्री नरेश अग्रवालः** श्रीमन, मैंने आपसे शुरू में कहा था कि इस चर्चा को समय की सीमा से न बांधें।

**श्री उपसभापतिः** यह आपका डिसीजन है, मैं क्या करूं? यह हाउस का डिसीजन है।

**श्री नरेश अग्रवालः** श्रीमन, सत्यता कहां से आई है? मैं चाहता हूँ कि यह विषय हर बार चर्चा का बिन्दु न बने। हर साल, जब सेशन चलता है, तो महंगाई, बेरोजगारी चर्चा के बिन्दु होते हैं, जिन पर चर्चा होती है और सरकार आंकड़ों के आधार पर जवाब भी दे देती है, लेकिन जब समाधान नहीं निकलता तो हम सबको तकलीफ होती है। उस समाधान में बढ़ती हुई आबादी भी एक बहुत बड़ी रुकावट है। हमें दुख है कि हमारे देश में जनसंख्या को लेकर कोई चर्चा ही नहीं करता। एक बार अटल जी ने जनसंख्या पर चर्चा करने के लिए एक कमेटी बनाई थी, वह बहुत बड़ी कमेटी बनी थी, लेकिन उसकी एक भी बैठक नहीं हो पाई। आज तो किसी दल में हिम्मत ही नहीं है कि जनसंख्या पर चर्चा कर ले। जनसंख्या पर चर्चा करने में ही डर लगता है, जैसे पता नहीं कैसे क्या हो जाएगा। हिन्दुस्तान और चीन को सोचना पड़ेगा, चीन इस पर सोच रहा है। मैं चाहूंगा कि इससे जुड़े सारे मुद्दे देखने होंगे। किसान को भी इससे जोड़ना होगा। होता क्या है कि प्याज की जब उपज बढ़ती है तो प्याज के दाम गिर जाते हैं, किसान एक रुपए किलो, पचास पैसे किलो में प्याज नासिक में दे देता है। कभी महाराष्ट्र के रुई वाले किसान रुई की बात करते हैं, तो उत्तर प्रदेश के किसान चावल, गन्ना और गेहूँ की बात करते हैं। हर राज्य में अलग-अलग उपज है और उस उपज के आधार पर हरेक किसान बात करता है। जब किसान कोई उपज करता है, तब उसका दाम गिर जाता है और जब किसान उसको कंज्यूम करता है, तब उसका दाम बढ़ जाता है। आखिर ऐसा क्यों होता है? आपने अपने मेनिफेस्टो में कहा था ...(**समय की घंटी**)... कि हम किसान को लागत का डेढ़ गुना दाम दिलाएँगे, तो आप उस लागत का डेढ़ गुना दाम दिलाने की भी बात करें, तो वह सही होगा। आदरणीय पासवान जी, मैं तो इतना ही कहूँगा कि जैसे आप पहले बोलते थे, आप याद कर लीजिए, इसमें क्या बात है? हमारे नेता, मुलायम सिंह जी और आप सब एक ही साथ एक मंच पर बोलते थे। उस समय आपकी जो फुली सोशिलस्ट विचारधारा थी, उसे आप पूँजीपति विचारधारा मत बना दीजिएगा। मैं इतना जरूर कहूँगा, क्योंकि आप पूँजीपति विचारधारा के साथ गए हैं। मैं समझता हूँ कि आपकी विचारधारा जिन्दा रहेगी और उस विचारधारा को मन में रख कर आप जवाब देंगे, तो शायद इस देश की जनता भी संतुष्ट होगी ...(**समय की घंटी**)... और कहीं न कहीं महँगाई का समाधान भी होगा। बहुत-बहुत धन्यवाद।

SHRI A. NAVANEETHAKRISHNAN: I support Nareshji. He has got into the truth. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Okay. Now, Shri S. R. Balasubramoniyan, you have eight minutes. ...(*Interruptions*)...

SHRIMATI VIJILA SATHYANANTH (Tamil Nadu): Sir, it is his maiden speech. ...(*Interruptions*)...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: He knows what to do. ...(*Interruptions*)...

SHRI S. R. BALASUBRAMONIYAN (Tamil Nadu): Sir, it is my maiden speech, but I will try to confine myself to eight minutes. ...(*Interruptions*)...

Hon. Deputy Chairman, Sir, at the outset, I am to thank our leader, the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma, for having made me a Member of this House. In fact, I am entering this Parliament as a Member after nearly two decades. To be precise, it is eighteen years. At least, now I have got the recognition because it is Amma who chose me. I thank her again.

I am thankful to you and this august House for the first opportunity provided to me to record my party's concern about the ever increasing price that affects all the poor and middle classes and also affects more to those who live in rural India.

One research finding says that in the last 24 months up to June 2016, while urban inflation fell from 9 per cent to 5.3 per cent, rural inflation declined from 10.1 per cent to 6.2 per cent.

In the fiscal 2016, rural core inflation was 6.7 per cent as compared to 4.8 per cent in urban. Sub-categories such as health, education, household goods and services and recreation and amusement have all recorded higher inflation in the rural areas last fiscal.

Amma, our Party leader and hon. Chief Minister of Tamil Nadu, has initiated and implemented many schemes that mitigate the misery of the poor. This misery is the direct effect of the wrong fiscal policies adopted and implemented by the Centre.

Oil price is coming down from 154 US dollars per barrel and at one stage it has reached below 27 US dollars. Actually, the price of brent crude was over 125 US dollars, but NYMEX crude price was 115 US dollars, and came down to 105 and 95 US dollars. Now it is steady at 96 US dollars. At one stage, it came down below 27 dollars but the benefit was not passed on to the poor; the benefit was not passed on to the people. That should have been passed on to the people. Actually the petty reductions rarely announced by oil companies are nothing in comparison to the periodic increase in price effected by these companies. The Government of India also rubs salt to the festering wounds with increase in excise duties. Due to this, actually in the last one year, when the prices started coming down and there has been increase in the excise duty of diesel by ₹ 13.57 and petrol by ₹ 11.57. And to reiterate my point, let me point out that fuel inflation in rural was 6.8 per cent, two-and-a-half times more than 2.7 per cent in urban.

**3.00 P.M.**

[THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY) *in the Chair*]

Our Party leader, Amma, has been repeatedly writing to the hon. Prime Minister at every price rise of oil to drop down the increase so that inflation and increase in prices of essential commodities, which are the natural offshoot of oil price rise, can be avoided and curbed. We are yet to see concrete action of the Centre in this regard.

The poor need cure to poverty; not occasional relief, thrown as crumbs to them.

Whether it is the fiscal policy of the Centre or the way the MSP is delayed for farmers, it is quite inadequate. For example, for the coconut farmers, MSP it has been raised by just ₹ 6, after four years. As has been rightly pointed out by the Reserve Bank Governor, there is a lot of frustration about the pace of economic recovery. The Central Government has now advised the State Governments to roll back the taxes on edible oils and pulses. But, the Tamil Nadu Government, under the capable and determined leadership of the hon. Chief Minister, Puratchi Thalaivi Amma, has already taken a number of measures. On her assumption of Office in May, 2011, she announced and implemented the scheme for free supply of 20 kilograms of rice per month through the Public Distribution System to about 1.83 crore families in the State. Tamil Nadu's Public Distribution System is the best functioning Public Distribution System in the country as recognized by many economists and scholars, both in India and abroad. The supply of free rice in the PDS has greatly helped the vast majority of families in the State and protected them against the rise in food prices.

One litre of refined palm oil is supplied at ₹ 25 and one kilogram each of *urad* and *tur dal* are supplied at ₹ 30 per kilogram to all family card holders as part of the Special Public Distribution System. The State Government incurs an expenditure of ₹ 1,861 crores on the Special PDS out of its own budgetary resources every year. This has been a bulwark protecting the common people in the State against the abnormally high rise in prices of pulses and edible oils in recent months. Actually, the Central Government was giving a subsidy of ₹ 15 for some time and then ₹ 20 on per kilogram of palm oil, which has been given a go-by since for the past one or two years.

Recently, the Government of India imported 5,000 metric tons of un-milled tur *dal* and offered it to the States. Tamil Nadu was the first State to lift 1,000 metric tones. This quantity was processed and supplied through the co-operative network at ₹ 110 per kilogram. Through the co-operative network, farm fresh vegetable outlets are being established in the large cities in the State to ensure that fresh vegetables sourced directly from farms are sold at many outlets.

[Shri S. R. Balasubramoniyan]

The Amma Canteen Scheme, a brain-child of the hon. Chief Minister of Tamil Nadu, Puratchi Thalaivi Amma, which is now renowned across the world and studied by Governments and experts from different parts of India and across the world, has also had a salutary impact on keeping a check on food prices in Tamil Nadu. In Amma Canteens, one piece of idli with sambar is supplied at ₹ 1, curd-rice at ₹ 3 per plate and sambar-rice at ₹ 5 per plate. There are a number of other commodities which are also supplied at reasonable prices in Tamil Nadu. For example, patients are being fleeced by the corporate hospitals. Similarly, pharmacies are also indulging in the same thing. To bring down the prices and to ensure that medicines are made available at reasonable prices, 84 pharmacies have been opened all over Tamil Nadu. A minimum of 15 per cent discount on MRP is given on medicines. I would specifically highlight that Amma Mineral Water, Amma Salt, and Amma Cement Programmes are there to ensure availability of commodities at reasonable prices, which are prone to price increase due to cartelization and other factors. Further, VAT on domestic LPG has also been completely exempted to ensure that price of domestic LPG is kept at a reasonable level in spite of deregulation of LPG prices.

What can the Government of India do to bring down the prices and protect the poor? It can subsidize the food items, including pulses and edible oil. It can roll back the additional excise duty levied on petrol and diesel announced earlier this year. There is an excise duty of ₹ 13.57 levied on diesel and ₹ 11.57 levied on petrol. That should be rolled back. Then, the Government can enable cheaper movement by rail by reducing the freight rates for essential commodities and by reducing the toll collected from private vehicles. The Government of India has announced that it intends to double the income of the agriculturists by 2022. In that case, it should provide adequate input subsidy to farmers to encourage production of pulses and oilseeds with assured price and purchase mechanism. They have now announced the Minimum Support Price for paddy and other commodities. But why is the Government ignoring the coconut farmers? The Government does not recognize them at all.

Around four years back, the Minimum Support Price for copra was ₹ 53.50. In the long run of these four years, it has only increased by six rupees, that is, two plus four, and, accordingly, ₹ 59.50 has been fixed as the Minimum Support Price. Also, they are not getting the Minimum Support Price because of the norms prescribed. For example, it says that the moisture content must be below six per cent. It is very difficult to supply the same at six per cent moisture. Therefore, I want to request the Government that the procurement norms must be made liberal, and, it must be made 7.5 per cent. That would be the best thing. Another thing is that they can buy the de-husked coconuts directly at twenty four rupees a kilo,

which will also satisfy the coconut farmers a little bit. Actually, the coconut farmers are demanding ₹ 100 per kilo. If ₹ 100 is not given, at least, it must be made ₹ 75/- per kilo, and, it must be procured by the Government. This is the position of today. Actually, the price of DAP, the price of potash as also the price of NPK complex fertilizer has gone up. So, the Government must be liberal in giving the Minimum Support Price for all the farm produce. Thank you.

---

**MESSAGES FROM LOK SABHA** — *Contd.*

**The Lokpal and Lokayuktas (Amendment) Bill, 2016**

SECRETARY-GENERAL: I have to report to the House the following message received from the Lok Sabha, signed by the Secretary-General of the Lok Sabha.

> "In accordance with the provisions of rule 96 of the Rules of Procedure and Conduct of Business in Lok Sabha, I am directed to enclose the Lokpal and Lokayuktas (Amendment) Bill, 2016, as passed by Lok Sabha at its sitting held on the 27th July, 2016."

Sir, I lay a copy of the Bill on the Table.

---

**SHORT DURATION DISCUSSION** — *Contd.*

**Situation arising out of price rise in the country**

THE VICE-CHAIRMAN (SHRI SUKHENDU SEKHAR ROY): Now, Shri Harivansh.

**श्री हरिवंश** (बिहार): माननीय उपसभाध्यक्ष जी, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मूल्य वृद्धि पर हो रही अल्पकालिक चर्चा में शामिल होने का मौका दिया। मेरा आग्रह है कि यह सरकार मान ले कि हमारी आर्थिक व्यवस्था में जो बुनियादी चुनौतियां है, इनके हल करने का सामर्थ्य इस सत्ता पक्ष के पास नहीं है, इसका समाधान यह सरकार नहीं ढूंढ़ पाएगी। हालाकि हमें उम्मीद नहीं थी कि यह सरकार भारतीय अर्थव्यवस्था की बुनियादी चुनौतियां हल कर पाएगी, लेकिन देश में सत्ता पक्ष के इस आश्वासन को कि "अच्छे दिन आएंगे" पर लोगों ने भरोसा किया। आज दो वर्ष निकल गए, सिर्फ तीन वर्ष ही बचे हैं। हमारी तरफ एक कहावत है कि "पूत के पांव पालने में।" यानी इन्होंने दिखा दिया कि इंडियन इकोनॉमी के चैलेंजेज़ को ये सिर्फ बातों से हल कर सकते हैं, इनमें सामर्थ्य और क्षमता नहीं है कि चीजों को ये नियंत्रित कर सकें। मैं यह क्यों कह रहा हूं, केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक इन्फ्लेशन के मापदंड के लिए कंज्यूमर्स प्राइस इंडेक्स (सी.पी.आई.) को प्रतीक मानते हैं। इससे खाने-पीने की चीजों का भाव पता चलता है। अप्रैल, 2016 से जून, 2016 के बीच सी.पी.आई. इन्फ्लेशन इंडेक्स 4.8 परसेंट से बढकर 5.8 हो गया है। इतना ही नहीं, मैं सरकार के आंकड़े बतलाना चाहूंगा। यह उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के सौजन्य से है